*This Question Paper contains 6 printed pages.*

Seat No.: | | | | | | | |

Sl. No. : 113751

# 002 (H)

**(March, 2022)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

सूचनाएँ :

1 ) **इस प्रश्नपत्र में कुल चार विभाग हैं।**

2 ) **प्रश्नपत्र में दी गई सूचना के अनुसार उत्तर लिखें।**

3 ) **शुद्ध वाक्य-रचना, उचित भाषा-शैली एवं स्वच्छता आवश्यक है।**

4 ) **प्रश्नों के अंक दाहिनी ओर दिए गए हैं।**

## विभाग - A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **[5]**

1 ) लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण किस फिल्म को कहा है?

(अ) आवारा (ब) कोहिनूर

(क) फ़ंटूश (ड) तीन देवियाँ

2 ) 'बाज़ार दर्शन' पाठ किस साहित्यिक विधा में लिखा गया है?

(अ) संस्मरण (ब) निबंध

(क) उपन्यास (ड) कहानी

3 ) इंदर सेना सबसे पहले किसकी जय बोलती है?

(अ) भगवान इन्द्र की (ब) काले मेघों की

(क) किसानों की (ड) गंगा मैया की

4 ) 'दिन दस फूला फूलि के खंखड़ भया पलास'-ऐसा किसने कहा है?

(अ) कालिदास (ब) कबीर

(क) रवीन्द्रनाथ (ड) सुमित्रानंदन पंत

5 ) 'स्मृति की रेखाएँ' नामक पुस्तक से कौन-सा पाठ लिया गया है?

(अ) नमक (ब) पहलवान की ढोलक

(क) भक्तिन (ड) बाज़ार दर्शन

■ **जोड़े मिलाइए :** **[5]**

| पात्र | संवाद |
|---|---|
| 6 ) राजा साहब | (अ) ''बाजार है कि शैतान का जाल ?'' |
| 7 ) सिख बीबी | (ब) ''हाय लछमिन अब आई।'' |
| 8 ) लेखक के मित्र | (क) ''उसने क्षत्रिय का काम किया है।'' |
| 9 ) भक्तिन | (ड) ''देख बिना त्याग के दान नहीं मिलता।'' |
| 10 ) जीजी | (इ) ''का ओहू कवित्त लिखे जानत हैं।'' |
| | (फ) ''अगर ला सको तो थोड़ा-सा लाहौरी नमक लाना।'' |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[3]**

11 ) सफ़िया के भाई ने नमक की पुड़िया ले जाने से मना क्यों कर दिया?

12 ) लुट्टन किसे अपना गुरु मानता था?

13 ) बचपन में ही किस संस्था से प्रभावित होकर धर्मवीर भारती अंधविश्वासों का विरोध करने लगे थे?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

14 ) भगत जी की विशेषता बताइए।

15 ) सिख बीबी को देखकर सफ़िया क्यों हैरान रह गई?

16 ) बचपन में चार्ली माँ के साथ कब रो पड़ा था?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पंद्रह-बीस वाक्यों में लिखिए :** **[5]**

17 ) 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के माध्यम से लेखक के विचार स्पष्ट कीजिए।

18 ) भक्तिन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

■ **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :** **[6]**

19 ) ''आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे उसकी भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हँस पड़ते थे।''

20 ) ''औरत ही तो है जो मानव जाति की निरंतरता को बनाए रखने के लिए बच्चा जनने की तकलीफ़ों से गुज़रती है और संघर्ष करती है, बहुत अधिक मजबूत और बहादुर सिपाहियों से भी ज्यादा मेहनत करके खटती है। उतना संघर्ष तो ये सारे सिपाही मिलकर भी नहीं करते।''

## विभाग - B

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **[5]**

21 ) भोर का नभ कैसा लग रहा है?

(अ) धुँधला-सा (ब) नीले शंख जैसा

(क) ताम्रवर्णी (ड) नीलकमल-सा

22 ) फ़िराक गोरखपुरी का मूल नाम बताइए।

(अ) रघुपति सहाय (ब) सुदामा पांडेय

(क) बेचन शर्मा (ड) रघुवीर सहाय

23 ) रावण व्याकुल होकर किसके पास गया?

(अ) अकंपन (ब) जगदंबा

(क) विभीषण (ड) कुंभकरण

24 ) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है?

(अ) लोग भूल गये हैं। (ब) सीढ़ियों पर धूप

(क) हँसो-हँसो जल्दी हँसो (ड) आत्महत्या के विरुद्ध

25 ) तुलसी ने सबसे बड़ी आग किसे बताया है?

(अ) दावानल को (ब) बड़वानल को

(क) जठरानल को (ड) प्रेमानल को

■ **जोड़े मिलाइए :** **[5]**

| रचनाकार | रचना |
|---|---|
| 26 ) गजानन माधव मुक्तिबोध | (अ) उषा |
| 27 ) शमशेर बहादुर सिंह | (ब) बात सीधी थी पर |
| 28 ) हरिवंश राय बच्चन | (क) बगुलों के पंख |
| 29 ) उमाशंकर जोशी | (ड) एक गीत |
| 30 ) कुँवर नारायण | (इ) बादल राग |
| | (फ) सहर्ष स्वीकारा है। |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[3]**

31 ) कवि ने छोटे चौकोने खेत की तुलना किससे की है?

32 ) बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे हैं?

33 ) लक्ष्मण के शक्ति बाण लगने का प्रसंग 'रामचरितमानस' के किस कांड से लिया गया है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

34 ) कविता और बच्चे को समानांतर रखने के क्या कारण हो सकते हैं?

35 ) मुक्तिबोध दिल के झरने के माध्यम से क्या कहते हैं?

36 ) जिद कर रहे बालक को माँ ने कैसे बहलाया? -'रुबाइयाँ' के आधार पर उत्तर दीजिए।

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पंद्रह-बीस वाक्यों में लिखिए :** **[5]**

37 ) 'आत्मपरिचय'- कविता का केन्द्रीयभाव लिखिए।

38 ) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के माध्यम से दृश्य-संचार माध्यमों की हृदयहीनता को स्पष्ट कीजिए।

■ **निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :** **[6]**

39 ) हँसते हैं छोटे पौधे लघुभार-
शस्य अपार,
हिल-हिल
खिल-खिल
हाथ हिलाते,
तुझे बुलाते,
विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते।

40 ) निज जननी के एक कुमारा ।तात तासु तुम्ह प्रान अधारा।
सौंपेसि मोहि तुम्हहि गहि पानी। सब बिधि सुखद परम हित जानी।।

41 ) अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से
और बच जाते हैं तब तो
और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं।

## विभाग - C

■ **निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए :** **[2]**

42 ) प्रत्यक्ष

43 ) सुरेश

■ **निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए :** **[2]**

44 ) आँसू

45 ) आग

■ **निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए :** **[2]**

46 ) प्रतिनिधित्व

47 ) अच्छाई

■ **निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करके समास का नाम बताइए :** **[2]**

48 ) गजानन

49 ) यथाशक्ति

■ **निम्नलिखित शब्दसमूह के लिए एक शब्द लिखिए :** **[2]**

50 ) जिसका कोई शत्रु न हो

51 ) एक ही माँ की कोख से जन्मे

■ **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए :** **[4]**

52 ) जान खा जाना

53 ) पानी फिर जाना

■ **निम्नलिखित छन्द का लक्षण लिखकर उदाहरण लिखिए :** **[2]**

54 ) दोहा

■ **निम्नलिखित अलंकारों की सोदाहरण परिभाषा लिखिए :** **[4]**

55 ) श्लेष

56 ) अनुप्रास

## विभाग - D

■ **निम्नलिखित अपठित परिच्छेद का एक-तिहाई भाग में सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** **[5]**

57 ) ऐसा कोई दिन आ सकता है, जबकि मनुष्य के नाखूनों का बढ़ना बंद हो जाएगा। प्राणिशास्त्रियों का ऐसा अनुमान है कि मनुष्य का अनावश्यक अंग उसी प्रकार झड़ जाएगा, जिस प्रकार उसकी पूँछ झड़ गई है। उस दिन मनुष्य की पशुता भी लुप्त हो जाएगी। शायद उस दिन वह मरणास्त्रों का प्रयोग भी बंद कर देगा। तब तक इस बात से छोटे बच्चों को परिचित करा देना वांछनीय जान पड़ता है कि नाखून का बढ़ना मनुष्य के भीतर की पशुता की निशानी है और उसे नहीं बढ़ने देना मनुष्य की अपनी इच्छा है, अपना आदर्श है। बृहत्तर जीवन में अस्त्र-शस्त्रों का बढ़ने देना मनुष्य की पशुता की निशानी है और उसकी बाढ़ को रोकना मनुष्यत्व का तकाजा है।

■ **निम्नलिखित विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :** **[10]**

58 ) सहशिक्षा का महत्त्व

**अथवा**

बढ़ती सभ्यता कटते पेड़

**अथवा**

राजनीति और धर्म

**अथवा**

मेरी प्रिय फिल्म

■ **निम्नलिखित अपठित काव्यांश का भावार्थ लिखिए :** **[5]**

59 ) जो नहीं हो सके पूर्ण-काम
मैं उनको करता हूँ प्रणाम
जो छोटी-सी नैया लेकर
उतरे करने को उदधि-पर
मन की मन में रही,स्वयं
हो गए उसी में निराकार !
उनको प्रणाम !
कृत-कृत्य नहीं जो हो पाए;
प्रत्युत फाँसी पर गए झूल
कुछ ही दिन बीते हैं, फिर भी
यह दुनिया जिनको गई भूल !
उनको प्रणाम !
जिनकी सेवाएँ अतुलनीय
पर विज्ञान से रहे दूर;
प्रतिकूल परिस्थिति ने जिनके
कर दिए मनोरथ चूर-चूर
उनको प्रणाम !

◆◆◆